हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 दिसंबर 2025

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 हेलो...दिल्ली बम ब्लास्ट और पुलवामा अटैक के ...




08 अविवादित नामांतरण की प्रक्रिया एक माह में पूर्ण ...



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय तकनीकि समूह की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में वर्ष 2026-27 के फसल ऋणमान के निर्धारण हेतु जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा निर्देश दिए गए कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित फसल ऋणमान, वर्ष 2025-26 हेतु राज्य स्तरीय तकनीकी समूह द्वारा निर्धारित ऋणमान से कम नहीं होना चाहिए।

### उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया आयोजन

**नर्मदापुरम।** जिले में "सांस अभियान" के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से मंगलवार को जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में मेडिकल ऑफिसरों, आरबीएसके चिकित्सकों एवं बीसीएम का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत ने की। डॉ. गेहलोत ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशानुसार "सांस अभियान" 12 नवम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक जिले में संचालित होगा।

### विश्व विकलांग दिवस पर दिव्यांग बच्चों के लिए किया प्रतियोगिता का आयोजन

# दिव्यांगों के मज़बूत हौसलों ने किया शानदार खेल के कौशल का प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर**

विश्व विकलांग दिवस पर शहर सोहागपुर में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता जनपद शिक्षा केंद्र में की गई।

सोहागपुर बीआरसीसी राकेश रघुवंशी ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर प्रथम रहे प्रतियोगी जिला स्तर की प्रतियोगिता में तीन दिसंबर को सहभागिता करेंगे। रघुवंशी ने बताया कि कक्षाओं एक से पांच, छह से आठ तथा नौ से 12 तक के बालक बालिका वर्ग की पृथक पृथक प्रतियोगिता मंगलवार को की गई। जिसमें विकासखंड के सभी शासकीय शालाओ में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस दौरान कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, सामान्य दौड़ सहित रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता की गई।

सांस्कृतिक प्रतियोगताएं भी की गई, जिनमें गीत, नाटक, भाषण आदि का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सम्मिलित समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप टिफ़नि, बॉटल, प्रमाण पत्र सहित भोजन पैकेट और परिवहन भत्ता भी दिया गया।



### यह रहे विजेता



रघुवंशी के अनुसार कक्षा 1-8 बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में हेमलता कुशवाहा शासकीय प्राथमिक शाला ढिकवाड़ा, 100 मीटर में मनीषा शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सिंगवाड़ा, रंगोली में शीतल कुशवाहा पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि सोहागपुर, मेहंदी में मनीषा और संगीत में दीक्षा शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला नयागाव ने प्रथम स्थान प्राप्त किये। बालक वर्ग में 60 मीटर दौड़ में सत्यम कहार शासकीय प्राथमिक शाला घूरखेड़ी, 100 मीटर में दिव्यांश शासकीय माध्यमिक शाला गुजरखेड़ी, चम्मच दौड़ में ललित शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला अजनेरी, कुर्सी दौड़ में कुश नागा शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला नयागांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किये। कक्षा 9-12 में 100 मीटर में रिंकू अहिरवार शासकीय बालक उमावि शोभापुर, कुर्सी दौड़ में हर्षित शासकीय बालक उमावि शोभापुर, चम्मच दौड़ में प्रेम कहार सीएम राइज स्कूल सोहागपुर प्रथम रहे। बालिका वर्ग में रंगोली व दौड़ में मानसी पीएम श्री शासकीय उमावि कामती रंगपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### ये रहे उपस्थित

प्रतियोगिता में प्रभारी बीईओ संतोष ठाकुर, संकुल प्राचार्य अवधेश बुधोलिया, बीआरसीसी राकेश रघुवंशी, बीएसी मैथिलीशरण पटेल, एमआरसी तनुजा गावंडे, जनशिक्षक राजेश दीक्षित, अशोक गज्जाम, लखन अहिरवार, धनराज अहिरवार, मुकेश नागवंशी, शंकर पंद्राम, नंदकिशोर खरे, बीएसी पोहप अहिरवार, एमआईएस मनमोहन पथोरिया, अनिल ब्रह्मवंशी तथा दुर्गा इमने सहित स्कूलों के शिक्षक उपस्थित रहे। मंच संचालन जितेंद्र बैरागी, रामगोपाल पटेल व वीरेंद्र पुर्विया ने किया। इस आयोजन में रामसागर प्रजापति, रिजवान कुरैशी, हरिराम कहार, सौरभ पाठक, नीरज रघुवंशी ने भी सराहनीय योगदान दिया

# कॉलेज में एनसीसी दिवस पर विद्यार्थियों ने दीं कई प्रस्तुतियां



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम**

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में एनसीसी डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन से प्रारंभ हुआ ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ कमल वाधवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनसीसी के कैडेट्स भारतीय सेना के सहयोगी संगठन के रूप में काम करते हैं न केवल विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास होता है अपितु राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना भी विकसित होती है। इन की पहचान समाज में अलग होती है।

अनुशासन और एकता इनके जीवन में झलकता है। कैडेट्स द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें समूह नृत्य एकल नृत्य, देशभक्ति गीत तथा एनसीसी पर आधारित एक नाटक का मंचन भी किया गया । कैडेट्स सिद्धार्थ उपाध्याय ने एनसीसी की स्थापना से अब तक क्या बदलाव हुए हैं,विद्यार्थी किस प्रकार से कार्य करते हैं और उसका क्या लाभ मिलता है आदि विस्तार से समझाया।

इस अवसर पर डॉअमिता जोशी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि एनसीसी व्यक्तित्व विकास करने का प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है जिससे विद्यार्थियों में नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है। संपूर्ण कार्यक्रम एनसीसी अधिकारियों के निर्देशन में संपन्न हुआ। अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ यास्मीन खान ने कैडेट्स की सराहना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ कल्पना विश्वास ,डा अंजना यादव ,डॉ सुभाष जाटव, डॉ मनीष कटारे, डॉ शबनम कुरैशी, इत्यादि प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 82 आवेदनों पर सुनवाई कर दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम**



मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 82 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नर्मदापुरम राजीव रंजन पांडे एवं अनिल जैन, सीएमओ हेमेश्वरी पटले सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# एड्स के प्रति जागरुकता को लेकर समेरिटंस स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम**

अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर 13/5 मध्यप्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस स्कूल के कैडेट्स ने मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली। रैली का मुख्य विषय 'एचआईवी पॉजिटिव होना जिंदगी का अंत नहीं' रखा गया था। संस्था निर्देशक डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का समन्वय एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव ने किया। रैली स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर कालोनी मे से होते हुए चक्कर रोड मालाखेड़ी पहुंची। वहाँ उन्होंने आम जनता को एड्स के प्रति सचेत किया।

रैली के दौरान एनसीसी केडिट्स एवं छात्र-छात्राओं ने ज्ञान की लौ जलाएं, एड्स से दुनिया बचाएं और भेदभाव की दीवार गिराएं, एड्स रोगी को गले लगाएं जैसे नारे लगाए। जिससे लोगों का ध्यान आकर्षित हुआ। रैली में सेकेंड आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, स्नेहा उपाध्याय,13 एमपी बटालियन से हवलदार अर्जुन सिंह, छात्र-छात्राएं शामिल रहे।




# नपाध्यक्ष ने देर रात किया रैन बसेरा का भ्रमण व्यवस्थाओं का लिया जायजा, लोगों से की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम**




नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा रविवार देर रात सेठानीघाट स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां रुके हुए परिक्रमावासियों को फलाहारी खिचड़ी भी प्रदान की। साथ ही उनसे मां नर्मदा की परिक्रमा को लेकर चर्चा की गई। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने परिक्रमावासियों के साथ भजन भी गाए। इस अवसर पर पार्षद सभापति आरती लक्ष्मण बैस, भाजपा नेत्री चंचल राजपूत एवं सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, राहुल चौरे, सुरेश श्रीवास उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा रैन बसेरा का निरीक्षण भी किया गया। साथ ही उन्होंने व्यवस्थापक एवं सिटी मैनेजर को रैन बसेरा में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर परिक्रमावासियों की संख्या बढ़ती है तो उनके लिए गद्दे रजाई और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें।

# प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शुरू किया सामाजिक जागरुकता अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम**



प्रेरणा कान्वेंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज एक विशिष्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों ने भाग लिया। डॉ. सावित्री पाठक सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान 'गुरुकुल' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में आत्मचिंतन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना था।

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को उनकी व्यक्तिगत ताकत, कमजोरियों और आंतरिक डर को पहचानने की विधि बताई। छात्रों को यह समझाया गया कि स्वयं को पहचानना ही जीवन-निर्माण की पहली सीढ़ी है।

सत्र में दिनचर्या और अनुशासन के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। छात्रों को यह बताया गया कि एक संतुलित दिनचर्या न केवल पढ़ाई में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उनकी सफलता का आधार बन सकती है। कार्यशाला के अंतिम चरण में छात्रों को समाज से जुड़ने और जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका समझने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें कहा गया कि वे अपने परिवारों, पड़ोस और समुदाय में जाकर लोगों से उनके अधिकारों और कर्तव्यों पर संवाद करें। छात्र इन वार्तालापों के वीडियो रिकॉर्ड भी करेंगे, जिन्हें बाद में एकत्रित कर शोध के रूप में विद्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा।

# होम साइंस कॉलेज में टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम**

शासकीय गृह विज्ञान अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में मंगलवार को शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों की आत्महत्या की प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने बताया कि बैठक में जिले के सभी शासकीय अशासकीय महाविद्यालय कोचिंग संस्था के संचालक, तकनीकी शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं बाल सुरक्षा विभाग के नियुक्त प्रतिनिधि उपस्थित हुए बैठक में प्रस्तावित कार्य योजना पर चर्चा की गई।

# राज्यसभा सांसद नारोलिया ने की नर्मदापुरम से दिल्ली सीधी सुपर फास्ट ट्रेन की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम**



राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान मध्य प्रदेश से सांसद माया नारोलिया ने स्पेशल मेनसन के माध्यम से नर्मदापुरम (होशंगाबाद) जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रेल सुविधा का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री से नर्मदापुरम से दिल्ली के बीच सीधी वंदे भारत या राजधानी जैसी तेज और आधुनिक ट्रेन शुरू करने का आग्रह किया।

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया जी ने कहा कि नर्मदापुरम से बड़ी संख्या में छात्र, नौकरीपेशा लोग, व्यापारी और आम यात्री राजधानी दिल्ली की ओर यात्रा करते हैं, लेकिन नर्मदापुरम स्टेशन से कोई भी सीधी सुपरफास्ट ट्रेन उपलब्ध नहीं है। इसके कारण यात्रियों को भोपाल या इटारसी स्टेशन से ट्रेन लेना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। उन्होंने ने सुझाव दिया कि भोपाल से चले वाली वंदे भारत अथवा राजधानी ट्रेन को नर्मदापुरम स्टेशन या इटारसी जंक्शन तक बढ़ा दिया जाए। जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

### सुरक्षित ट्रेन सेवा मिले

श्रीमती नारोलिया ने कहा कि नर्मदापुरम क्षेत्र के लोग लंबे समय से वंदे भारत अथवा राजधानी जैसी तेज़ एवं सुरक्षित ट्रेन सेवा की मांग कर रहे हैं। यदि नर्मदापुरम स्टेशन से सीधी ट्रेन की सुविधा दी जाती है, तो नर्मदा घाटी क्षेत्र के लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।" राज्यसभा सांसद माया नारोलिया जी ने रेल मंत्रालय से इस प्रस्ताव पर गंभीरता से अध्ययन करने और इस पर त्वरित एवं सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की।

# जन शिक्षण संस्थान ने हितग्राहियों को कौशल प्रमाण पत्र किये वितरित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम**

नर्मदापुरम विश्व एड्स दिवस पर जन शिक्षण संस्थान में हुआ जागरूकता कार्यक्रम। जन शिक्षण संस्थान द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया। जिसमे जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ ए के पुष्कर द्वारा उपस्थित सदस्यों को AIDS के कारण एवं सुरक्षा की जानकारी प्रदान की गयी। संस्थान के निदेशक विनीत सेसिल द्वारा समाज को जागरूक करने एवं सावधान रहने की अपील की। कार्यक्रम के अंत मे जन शिक्षण संस्थान द्वारा सफल हितग्राहियों को कौशल प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रोग्राम ऑफिसर मोहन मैथिल, कंप्यूटर ऑपरेटर ललित कहार फील्ड कॉर्डिनेटर नेहा कहार सहित संस्थान के प्राशिक्षक प्रमिला सोनी एवं हितग्राही तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

### एसपीएम में गीता जयंती पर हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

# वर्तमान समय में भी हम सभी को सतत मोटिवेशन की अत्यंत महती आवश्यकता है: बेंकटेश कुमार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम**

गीता जयंती के अवसर पर एसपीएम के एचआरडी सभागृह में विशिष्ट आयोजन सम्पन्न हुआ। विस्तृत जानकारी देते हुए डीजीएम संजय भावसार ने बताया कि गीता जयंती पर एसपीएम में एक विशिष्ट आयोजन किया गया जिसमें भगवद्गीता गीता की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता पर व्याख्यान एवं प्रस्तुति दी गई। यह व्याख्यान एवa प्रस्तुति मुख्य महाप्रबंधक बेंकटेश कुमार एवं डॉ अशेष अविनाशी, संयुक्त महाप्रबंधक द्वारा कार्यपालकों, पर्यवेक्षकों आदि स्टाफ को दी गई।



अपने उदबोधन में बेंकटेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अपना विराट स्वरूप के दर्शन देकर अपना कर्म करने के लिए प्रेरित किया गया वैसी ही इस काल मे सतत मोटिवेशन की सभी को आवश्यकता है। गीता के विविध अध्याय का संदर्भ देकर उनके द्वारा क्रोध के नकारात्मक पक्ष और भक्ति अर्थात कर्म के प्रति सतत समर्पण के बारे में बताया गया और बेहतर प्रबंधन का आधार गीता को बताया गया। कार्यक्रम के अन्य वक्ता डॉ अशेष अविनाशी द्वारा अपनी प्रस्तुति के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों द्वारा बेहतर लीडरशिप के लिए गीता को आधार बनाकर प्रबंधकीय गुणों को विकसित किया जा रहा है एवं इमोशन मैनेजमेंट, डिसीजन मेकिंग आदि के लिए गीता को संदर्भित किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रोता उपस्थित थे।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर आज होगा कार्यक्रम

**नर्मदापुरम।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 3 दिसम्बर को "विश्व दिव्यांग दिवस" के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग म.प्र से प्राप्त निर्देशानुसार नर्मदापुरम में जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय शासकीय एस.एन.जी. स्कूल, नर्मदापुरम में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएँ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में मुख्यतः चम्मच दौड़, रंगोली, कुर्सी दौड़ सहित अन्य मनोरंजक एवं प्रोत्साहनात्मक खेल शामिल होंगे। दिव्यांग प्रतिभागियों को प्रतियोगिता-वार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### ईडी-सीबीआई अधिकारी बनकर रची थी साइबर ठगी की कहानी

# हेलो...दिल्ली बम ब्लास्ट और पुलवामा अटैक के तार आपसे जुड़े हैं, बचना चाहो, तो पैसे लेकर आ जाओ...

## सतर्कता से 73 लाख की साइबर ठगी होने से बची, 3 दिन तक रखा रिटायर्ड डब्ल्यूसीएल कर्मी डिजिटल अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल





जिले में एक बार फिर सायबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। पाथाखेडा पुलिस ने डिजीटल अरेस्ट के एक मामले में तत्परता दिखाते हुए डब्ल्यूसीएल के रिटायर्ड कर्मी की जीवन भर की कमाई को ठगो के हाथो से बचा लिया है। पुलिस कन्ट्रोल रुम में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया। उनके मुताबिक चैतराम नरवरे, उम्र 64 वर्ष, वर्तमान निवासी अशोका गार्डन भोपाल (रिटायर्ड डब्लूसीएल कर्मचारी) को साइबर ठगी तथाकथित डिजिटल अरेस्ट में फंसाकर धमकाया जा रहा था। उक्त वीडियो कॉल के माध्यम से स्वयं को ईडी व सीबीआई अधिकारी बताकर पीडित को गलत लेन-देन के झूठे आरोप में भयभीत कर रहे थे। वे मामले को टालने के नाम पर बड़ी धनराशि की मांग कर रहे थे। पीडित ने बताया कि ठग कह रहे थे कि उनका एक अकाउंट केनरा बैंक मुंबई में है, दिल्ली बम धमाके एवं पुलवामा अटैक का कनेक्शन उनसे है, उनके खाते से लेनदेन होने की बात सामने आई है। यदि बचना चाहते हो, तो पैसे लेकर होटल आ जाओ, पीड़ित द्वारा सामाजिक प्रतिष्ठा को खतरा होने के डर से ठगों के कहने पर भोपाल से पाथाखेड़ा आ गए थे। ठगों ने उन्हें गेस्ट हाऊस में रुकवाकर परिवारजनो व परिचितों से सपर्क करने से भी रोक दिया था। पीड़ित अपनी जीवन भर की जमा पूंजी, जो एसबीआई पाथाखेड़ा शाखा में 73 लाख की एफडी के रूप में थी, उसे तुडवाकर आरटीजीएस द्वारा ठगो को देने हेतु बैंक से लेकर आए थे। जब परिजनों ने उनसे संपर्क किया, तो वे कडी घबराए हुए थे।

### परिजनों ने किया पुलिस संपर्क

परिजनो को इस पर शक होने पर उन्होने इसकी सूचना भोपाल पुलिस व साइबर सेल को दी गई। वही पीडित के बेटे पुष्कर नरवरे के द्वारा डिजीटल अरेस्ट की जानकारी अपनी मौसी के बेटे बडोरा निवासी दीपेन्द्र मारवाड़ी दी। दीपेन्द्र को जानकारी लगते ही वह बैतूल बाजार थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी बात बताई। पुलिस ने मोबाइल नंबर से उनकी लोकेशन ट्रेस की। यह लोकेशन पाथाखेड़ा के गेस्ट हाउस की मिली। इस सूचना पर चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा उप निरीक्षक मनोज कुमार उइके, प्रधान आरक्षक ज्ञानसिंह तेकाम, आरक्षक रविनाह आरक्षक राकेश करपे तथा सैनिक सुभाष की टीम राजेश गेस्ट हाउस पहुंची। टीम ने पीड़ित को सुरक्षित बाहर निकालकर विस्तृत रूप से बातचीत की। पीडित मानसिक रूप से बेहद सदमे की स्थिति में था और तीन दिनों से चल रहे घटनाक्रम पर वह विश्वास नहीं कर पा रहा था। पीड़ित को सुरक्षित चौकी लाकर पूरी घटना विस्तार से समझी तथा उनके परिवारजनों से संपर्क स्थापित किया गया। इस दौरान थाना बैतूल बाजार प्रभारी सुश्री अंजना धुर्वे भी पीडित के मौसेरे बड़े भाई को साथ लेकर सीधे पाथाखेड़ा गेस्ट हाउस पहुँची, और पुलिस चौकी पाथाखेड़ा को भी पूरी घटना समझाकर उन्होने महत्वपूर्ण भूमि निभाई। यदि समय रहते, पुलिस कार्रवाई नहीं करती, तो साइबर ठग, पीड़ित से उसकी जीवन भर की मेहनत की पूरी कमाई एक बार मे ही हडप लेते।

### ठगी से बचने 1930 पर करें कॉल

*पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देशन में साइबर ठगी से बचाव हेतु लगातार आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में लगातार विशेष अभियान चलाए जाकर स्कूल, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। साथ ही समस्त थाना प्रभारी को ऑनलाइन ठगी साइबर अपराधों में कमी ले जाने के लिए भी प्रभावी कार्रवाई किए जाने निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अतिरित पुलिस अधीक्षक कमला जोशी, एसडीओपी सारणी सुश्री प्रियंका करचांग एव थाना प्रभारी सारणी जयपाल इवनाती के मार्गदर्शन में ठगी की इस बडी साजिश को नाकाम किया जा सका। पुलिस अधीक्षक ने जनसामान्य से अनुरोध है कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई शब्द या प्रक्रिया भारतीय कानून में कहीं भी अस्तित्व में नहीं है। कोई भी एजेंसी-चाहे वह पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य कोई सरकारी विभाग हो-वीडियो कॉल, व्हाट्सएप या सोशल मीडिया के माध्यम से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकती और ना ही धनराशि की मांग कर सकती है। स्वयं को अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से आपको डराने या धमकाने का प्रयास करता है, तो समझ ले कि वे साइबर ठग है।*


# कर्मचारी भोजलाल भवेदी हुए सेवानिवृत्त

## कर्मठ कर्मचारी के सेवानिवृत्ति समारोह को लेकर दोनों विभागों ने पल्ला झाड़ा




**शाहपुर।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भोजलाल भवेदी अपना सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने कार्यकाल के अनुभव को सांझा करते हुए बताया कि वह शासकीय सेवा में भर्ती तो शिक्षा विभाग में हुए थे, परन्तु बाद में उन्हें शाहपुर में शिक्षा विभाग से तहसील कार्यालय में पदस्थ कर दिया गया था। लगभग 10 वर्षों तक तहसील कार्य में कार्य करते हुए सेवानिवृत्ति के दिवस तक वे पूरी लगन से अपने कार्यालय का कार्य करते रहे। परन्तु इस व्यक्ति को सेवानिवृत्ति के गोल्डन दिवस पर मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा। कन्या उत्कृष्ट विद्यालय में भृत्य के पद पर कार्यरत भोजलाल भवेदी के सेवानिवृत्ति पर रविवार सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर योग समिति द्वारा उन्हें फूल मालाओं से सम्मानित कर विदाई दी एवं शाल श्रीफल देकर उज्जवल की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर जीआर बर्डे से जब हरिभूमि संवाददाता ने इस विषय पर चर्चा की, तो उन्होंने कहा कि विदाई तो देनी चाहिए थी। इस संबंध में तहसीलदार का कहना है कि मेरी जानकारी में फिलहाल यह नहीं है कि तहसील कार्यालय से कोई भी कर्मचारी सेवानिवृत्त हुआ हो, फिर भी मैं पता लगाता हूं। यदि कर्मचारी सेवानिवृत्त हुआ है तो विदाई समारोह आयोजित कराया जायेगा।

# नगर परिषद की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में नाराजगी



**शाहपुर।** नगर परिषद 2600 का वार्षिक टैक्स वसूल रही है। पूर्व में जब यहां ग्राम पंचायत थी, तब नागरिकों के द्वारा प्रतिवर्ष 60 रुपए का टैक्स दिया जाता था। अब 2600 रुपए का टैक्स देने के बाद भी ना तो नालियों की सफाई हो रही है और ना ही सडक़ और बिजली व्यवस्था स्ट्रीट लाइट पर ध्यान दिया जा रहा है।

महीनो से खंभों के बल्ब खराब पड़े है, जिन्हें बदला तक नहीं जा रहा है। जिससे लोग अब यह कहने लगे कि इससे तो पुरानी पंचायत ही अच्छी थी। नागरिक शारदा प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मीकांत वर्मा और उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि लोगों की समस्याओं को लेकर न नगर परिषद के अधिकारी का ध्यान है और न ही कर्मचारियों का, जब भी उनसे बात की जाती है तो वह यह कहकर टाल देते हैं कि बस अभी दिखावाता हूं। वार्ड के पार्षद भी वार्ड की तरफ ध्यान नहीं देते हैं। फोन लगाने पर फोन उठाते भी नहीं है। वार्ड में आकर कभी देखते भी नहीं है कि वार्ड में कोई समस्या तो नहीं है। नगर में साफ सफाई की इतिश्री कर ली जाती है। इस संबंध में नप शाहपुर के अधिकारी अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि मैं दिखावाता हूं। क्या कार्य चल रहा है उन्हें भी इस बात की अभी जानकारी नहीं थी।

**जेल में हुई कैदी की मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए**

# अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सारनी।** जिला जेल में कैदी की मौत और सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों के खान-पान को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानव सुरक्षा संगठन ने कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी ने कहा कि 29 नवंबर को जेल में एक कैदी प्रकाश बाबूराव की मृत्यु हो गई थी। इसके पूर्व भी ऐसी घटनाएं हो चुकी है। संगठन ने मांग की कि जेल में हुई कैदी की मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए एवं जेल में कैदियों की सुरक्षा व्यवस्था एवं खान-पान को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्रवाई की जाये। साथ ही कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के कुछ सदस्यों की टीम के साथ एक पत्रकार भी जेल में निरीक्षण के लिए जाए और 15 दिन में जेल में एक बार निरीक्षण किया जाए, जिससे कि कैदियों में होने वाली परेशानी सुरक्षा एवं खान-पान की व्यवस्था को लेकर जांच की जा सके कि उनको बेहतर व्यवस्थाएं मिल रही है या नहीं, क्योंकि आए दिन सुनने में आता है कि जेल में कैदियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। संगठन ने कलेक्टर से मांग की है कि उक्त मांगों पर विचार किया जाये। इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष, रिमून पवार, जिला महामंत्री सुरेंद्र धोटे, जिला उपाध्यक्ष, सुनील अग्रवाल, जिला संयोजक, मनोज तिवारी, जिला मंत्री, राकेश सोनी, चेतन देशमुख आदि पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

# एसआइआर की सीमा बढ़ी, लाभ उठाएं

## एसआईआर पर कार्यशाला संपन्न



**बैतूल।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अन्तर्गत स्वीप गतिविधियों के माध्यम से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में प्राचार्य मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में आज विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.शंकर सातमकर ने विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदाता जागरूकता अभियान एसआईआर 2003 में मतदान केन्द्र व सरल क्रमांक डालने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिला संगठक डॉ. जीपी साहू द्वारा मतदान जागरुकता पर कार्यशाला में विशेष गहन पुनरीक्षण के महत्व एवं वोटर के कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। जेएच महाविद्यालय के हेल्प डेस्क प्रभारी की खेमचंद साहु हारा बीएलओ द्वारा पर्ची भरने की विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। विशेष पुनरीक्षण पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रिया ओमकार द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में 27 छात्र- छात्राओं ने सहभागिता की गई। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक डॉ.पल्लवी दुबे, प्रो. गीता माली, प्रो.रूपेश सोनी, मंगल सिंह घुर्वे द्वारा उपस्थित रहकर एसआईआर को लेकर छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन दिया गया। इसमें इश्तियाक अली, सुमित घिड़ोड़े, आयुष नागोरे सहित 70 छात्र-छात्राओं सहभागिता की।

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराई गई शिकायतों के निराकरण में स्वास्थ्य विभाग का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बैतूल।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में बैतूल जिले ने प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर नेशनल हेल्थ मिशन की मिशन संचालक डॉ.सलोनी सिडाना ने बैतूल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज हुरमाड़े को प्रशस्ति पत्र दिया है।सीएमएचओ डॉ.मनोज हुरमाड़े ने बताया कि प्रदेश में नागरिकों को संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना एवं जननी सुरक्षा योजना प्रमुख हैं। इन योजनाओं का लक्ष्य गर्भवती महिलाओं को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं, एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहन तथा पौष्टिक आहार एवं मजदूरी क्षतिपूर्ति के लिए वित्तीय सहायता सुनिश्चित करना है, जिससे उनके पोषण स्तर में सुधार हो सके। इसी क्रम में विभागीय कार्यों की दक्षता मापने के लिए संचालित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में बैतूल जिले ने उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। अक्टूबर 2025 की रेटिंग में जिले को 'ए' ग्रेड 84.01%प्राप्त हुआ है।

### सेंट्रल स्कूल के पास मिला युवक का शव


**बैतूल।** गंज थाना क्षेत्र में सेंट्रल स्कूल के पास रविवार शाम एक युवक का शव मिलने से आसपास के इलाके में हडक़ंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान 35 वर्षीय चंद्रशेखर दांते, निवासी ग्राम गोधनी (तहसील प्रभातपट्टन) के रूप में हुई है। वह बैतूल के ग्रीन सिटी स्थित अपने ससुराल आया हुआ था। गंज थाना प्रभारी डीएसपी शिफा हाशमी के अनुसार, चंद्रशेखर एक दिन पहले ही गांव से बैतूल आया था। फिलहाल मौत के कारण साफ नहीं हैं, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि चंद्रशेखर शराब पीने का आदी था और संभव है कि रात में शराब पीने के बाद वह बाहर ही पड़ा रह गया हो। पुलिस इस मामले में सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शव अस्पताल भेज अज्ञात कारणों से हुई मौत का मामला दर्ज कर जांच जारी है।

### मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन सर्विस 10 को शाहपुर में लगेगा

**शाहपुर।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल के तत्वावधान में विशाल और मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 10 दिसंबर दिन बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में 11 से दोपहर 2 तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के गोपाल साहू ने बताया कि शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के मोतियाबिंद रोग से पीड़ित मरीजों के आंखों की जांच की जाएगी एवं जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल में किए जाएंगे। जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन्हें बस के द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज बैरागढ़ भोपाल ले जाया जाएगा वहां पर सभी मरीजों को परिवहन आवास भोजन सुविधा मिलेगी।

### लापरवाही पर रीडर के 5 दिन का वेतन काटने के निर्देश

# कलेक्टर ने संयुक्त तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को संयुक्त तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

उन्होंने तहसील कार्यालय बैतूल में जाति प्रमाण पत्र शाखा, नाजिर शाखा, न्यायालय बैतूल शहरी, न्यायालय बैतूल ग्रामीण, न्यायालय बैतूल बाजार का निरीक्षण कर प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने न्यायालय बैतूल बाजार में राजस्व प्रकरण लंबित पाए जाने पर और प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पर रीडर के 5 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने राजस्व अभिलेख के डिजिटाइजेशन कार्य का भी अवलोकन कर जानकारी ली। नायब तहसीलदार श्याम सिंह उईके ने बताया कि जिले में 22 लाख अभिलेख के लक्ष्य के विरुद्ध 18 लाख अभिलेखों का डिजिटाइजेशन कार्य पूरा कर लिया गया हैं। उन्होंने शेष बचे डिजिटाइजेशन को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कार्यालय में साफ सफाई नहीं पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और कार्यालय नाजिर के एक दिन का वेतन काटने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नवनिर्मित भवन का रखरखाव अच्छे से किया जाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यालय आए लोगों से चर्चा भी की और उनके आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान तहसीलदार ग्रामीण गोवर्धन पाठे, तहसीलदार बैतूल श्याम सिंह उईके सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महिला ब्लाइंड टी-20 वल्ड कप में टीम इंडिया को बनाया

# नि:शक्त बालिका छात्रावास की छात्रा दुर्गा ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



पहले टी-20 ब्लाइंड महिला वल्ड कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम इंडिया को विश्व विजेता बनाने में मुख्य भूमिका निभाने वाली ब्लाइंड क्रिकेटर दुर्गा येवले ने बैतूल ही नहीं पूरे मध्यप्रदेश और देश का नाम अन्तराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। ऐतिहासिक सफलता हासिल करने वाली कुमारी दुर्गा बैतूल जिले की भैंसदेही तहसील अंतर्गत रॉक्सी ग्राम के गौली ढाना की निवासी है। अपने गांव में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद दुर्गा ने निशक्त बालिका छात्रावास सदर बैतूल में पढ़ाई की थी। सर्वशिक्षा अभियान द्वारा संचालित निशक्त बालिका छात्रावास में मिला मार्गदर्शन और प्रेरणा दुर्गा की ऐतिहासिक सफलता में मील का पत्थर साबित हुआ। वल्ड कप विजेता महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की एतिहासिक सफलता पर दुर्गा येवले सहित अन्य महिला खिलाडिय़ो को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देकर सम्मानित किया। कुमारी दुर्गा की उत्कृष्ट सफलता पर बैतूल जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, वरिष्ठ खिलाडय़ों, परिजनों, सामाजिक बंधुओं ने बधाई दी है। भैंसदेही तहसील के रॉक्सी ग्राम निवासी झब्बू येवले एवं श्रीमती गौरा येवले की बेटी ने दृष्टिबाधित होनें से अनेक चुनौतियों का सामना किया। लेकिन शिक्षकों से मिले मार्गदर्शन और प्रेरणा से उसने चुनौतियों का मुकाबला कर ऐतिहासिक सफलता हासिल की।

दुर्गा येवले के मुताबिक निशक्त बालिका छात्रावास बैतूल में कक्षा 7 वीं एवं 8 वीं में पढ़ाई के दौरान वहां के माहौल से उसका आत्मविश्वास और हिम्मत बढ़ गई थी। जिससे ब्लाइंड स्कूल पाढर और महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ छात्रावास में पढ़ाई के दौरान बहुत मदद मिली। निशक्त बालिका छात्रावास सदर बैतूल की, तात्कालीन अधीक्षिका वर्तमान में अस्थि बाधितार्थ बालक उमावि बाल ग्रह बैतूल की प्रभारी अधीक्षक डॉ सीमा भदोरिया के मुताबिक वर्ष 2013-14 एवं 2014- 15 में कुमारी दुर्गा येवले ने निशक्त बालिका छात्रावास बैतूल में रहकर कक्षा 7 वी एवं 8 वीं की पढ़ाई की थी। छात्रावास में निवासरत दिव्यांग बच्चियों को पढ़ाई के साथ जीवन कौशल, व्यवसायिक कौशल, खेलकूद सहित अन्य विधाओ का प्रशिक्षण दिया जाता था। जिससे दिव्यांग बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ता था। डॉ सीमा भदौरिया के मुताबिक कुमारी दुर्गा मेधावी छात्रा थी। कक्षा 8वीं के बाद उसे ब्लाइंड स्कूल पाढर फिर इन्दौर की संस्था में पढऩे के लिए सतत मार्गदर्शन दिया गया। महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ छात्रावास इंदौर में पढ़ाई के दौरान क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन एमपी के अध्यक्ष सोनू गोलकर ने दुर्गा की प्रतिभा को पहचाना और जिला स्तरीय ब्लाइंड टीम में मौका दिया। दुर्गा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उसे प्रदेश स्तरीय एवं राष्ट्रीय टीम में चयनित किया गया।

### जनसुनवाई में सुनीं आम नागरिकों की समस्याएं

# ट्रेंचिंग ग्राउंड में आगजनी पर लगाएं रोक कलेक्टर ने चिचोली सीएमओ को दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई के दौरान विवेकानंद वार्ड चिचोली के रहवासियों ने शिकायत की कि उनके वार्ड की सीमा ट्रेंचिंग ग्राउंड से लगती है, जहां पूरे नगर का कचरा संग्रहित किया जाता है। उन्होंने बताया कि रात्रि के समय वहां आग लगा दी जाती है, जिसके कारण प्रदूषित धुआं फैलने से बच्चों और बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएमओ चिचोली को सख्त निर्देश दिए कि ट्रेंचिंग ग्राउंड में आग लगाने की घटनाओं पर तुरंत रोक लगाई जाए। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में यदि ऐसी घटना दोहराई गई तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में 98 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आवेदक मीना रघुवंशी ने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर को बताया कि तहसील भीमपुर के ग्राम डोरी में उनकी लगभग 6 एकड़ भूमि पर अनावेदकों द्वारा अवैध रुप कब्जा कर लिया गया हैं और बार-बार आवेदन देने के बाद भी सीमांकन नहीं किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार भीमपुर को आवेदक की भूमि का तत्काल सीमांकन कराने और जांच कर पटवारी के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के ग्राम जामगांव निवासी देवघर ने आवेदन के माध्यम से सिंचाई का चैंबर हटाकर मुआवजा देने की गुहार लगाई। जिस पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के ईई सिंचाई को अनुविभागीय अधिकारी के साथ स्थल निरीक्षण करने और प्रतिवेदन प्रस्तुत कर तत्काल प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।



## संघ शताब्दी वर्ष अभियान अंतिम चरण में

**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर चल रहा विशेष गृह संपर्क अभियान अब अंतिम चरण में है। इस अभियान में स्वयंसेवक गांव-गांव जाकर लोगों के घरों पर पहुंच रहे हैं। वे पत्रक बांट रहे हैं और संघ की गतिविधियों व उद्देश्यों की जानकारी दे रहे हैं। स्वयंसेवक मनोज मेवाड़ा ने बताया कि यह अभियान जन-भागीदारी से जुड़ा है। इसका मकसद संघ के कार्यों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। पत्रकों में संघ की स्थापना, व्यक्ति निर्माण की प्रक्रिया, सेवा कार्य, कार्य विस्तार, पंच परिवर्तन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व-आधारित जीवन और नागरिक कर्तव्यों की जानकारी दी गई है। स्वयंसेवक राष्ट्रभक्ति और जनसेवा की भावना भी लोगों में जगा रहे हैं। बिलकिसगंज और झागरिया में संघ की टोली ने पत्रक वितरण का कार्य पूरा कर लिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने पत्रक पढ़े। उन्होंने संघ के कार्यों की सराहना की और अपनी प्रतिक्रिया भी दी।

### 13 लाख का मुआवजा, पेंशन और नौकरी, स्टाम्प पेपर पर हुआ समझौता

# शव लेकर सड़क पर उतरे परिजन और ग्रामीण, तीन घंटे चला विरोध प्रदर्शन

सोमवार को पाहनवर्री में हुई आउटसोर्स कर्मचारी की मौत के मामले ने मंगलवार को तूल पकड़ लिया। परिवारजन एवं ग्रामीण सब स्टेशन के बाहर धरना प्रदर्शन किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी की घोर लापरवाही ने सोमवार को एक गरीब परिवार का इकलौता चिराग बुझा दिया। लेकिन मंगलवार को सिस्टम की उदासीनता के सामने इटारसी-रामपुर क्षेत्र के आधे दर्जन से अधिक गांवों की जनता एकजुट होकर खड़ी हो गई और अपनी ताकत से प्रशासन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

इटारसी-रामपुर थानाक्षेत्र के ग्राम पानबर्री में 1 दिसंबर को करंट लगने से मृत हुए आउटसोर्स कर्मचारी राम प्रसाद भल्लावी का शव लेकर मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीण गुर्रा बिजली सब स्टेशन पर पहुँच गए। मृतक रामप्रसाद जो 8 साल से हेल्पर के तौर पर कार्यरत थे, उनका पार्थिव शरीर सड़क पर रखकर ग्रामीणों ने विभाग की आपराधिक लापरवाही के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान, सब स्टेशन पर पिछले 24 घंटे से ताला लटका था। ग्रामीणो के प्रदर्शन में भाजपा नेता आशुतोष शरण तिवारी सड़क पर डटे रहे, जिसके कारण इटारसी-रामपुर मार्ग पर करीब तीन घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, रामपुर थाने से पुलिस बल की मौजूदगी में आखिरकार एई सतीश पटेल और जेई पवन कुमार अहके को मजबूरन सब स्टेशन का ताला खोलना पड़ा और प्रदर्शनकारियों से बातचीत शुरू हुई।

### स्टाम्प पेपर पर हुआ लिखित एग्रीमेंट

ग्रामीणों की एकजुटता और कड़े तेवर का ही परिणाम था कि मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी को तुरंत कार्रवाई करनी पड़ी। आंदोलन तब समाप्त हुआ जब कंपनी के अधिकारियों (जेई और एई) ने मृतक के पिता शिवनारायण भल्लावी के साथ स्टाम्प पेपर पर एक लिखित समझौता (राजीनामा) किया। यह समझौता दर्शाता है कि जनता के दबाव के आगे प्रशासनिक उदासीनता टिक नहीं पाई।

**मांगें**

- कुल आर्थिक सहायता : परिवार को 13 लाख रुपए से अधिक बीमा : आउटसोर्स कंपनी द्वारा 5 लाख क्षतिपूर्ति :

### समझौते के प्रमुख बिन्दु

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 4 लाख का अतिरिक्त मुआवजा। सरकारी योजना : संबल योजना के तहत 4 लाख की सहायता।आश्रितों के लिए जीविकारामप्रसाद भल्लावी के आश्रित एक व्यक्ति को आउटसोर्स फर्म कंपनी पेंशन देगी। मृतक के पिता शिवनारायण भल्लावी को विभाग में आउटसोर्स के माध्यम से काम पर रखा जाएगा। हम रामप्रसाद को वापस तो नहीं ला सकते, लेकिन हमारे सामूहिक प्रयासों से उसके परिवार को जीविका उपार्जन के लिए सहारा दिया गया है। यह ग्रामीण एकता की जीत है।

## युवक ने किया चाकू से हमला पुलिस ने किया मामला दर्ज


हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सिटी थाने में मंगलवार को मारपीट से संबंधित तीन मामले दर्ज किए हैं। भारत माता चौराहा, इटारसी पर समाधान निवासी इटारसी ने गौरव जोशी पिता राजू जोशी 33 वर्ष, निवासी पुरानी इटारसी को गोविंद किराना पुरानी इटारसी में गालियां देते हुए चाकू से पीठ पर वार किया और जान से मारने की धमकी दी है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। एक अन्य गंभीर मामला बूढ़ी माता मंदिर गेट के पास मालवीय गंज क्षेत्र से सामने आया है।

फरियादी राजा तिवारी पिता सालकराम तिवारी 15 वर्ष ने उत्सव टाक और वंश निवासी इटारसी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपियों ने गाली दी और उत्सव ने हाथ में रखे कड़े से फरियादी के सिर में मारा, जिससे खून निकल आया। आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है।

## जनता चुनेगी नपाध्यक्ष, कांग्रेस ने किया निर्णय का स्वागत



**इटारसी।** नगरपालिका, नगर परिषद चुनाव में अब जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सीधे अध्यक्ष चुनेगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने विधानसभा पारित हुए इस निर्णय का स्वागत किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि जिले की सारी सीटों को जीतने के लिये कांग्रेस पूरी ताकत से चुनाव में काम करेगी। मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में नगरपालिका संशोधन विधेयक 2025 सर्वसम्मति से पारित हो गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ प्रदेश में अब नगरपालिका एवं नगर परिषद अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। जनता अब सीधे अपने अध्यक्ष का चुनाव करेगी, जिससे लोकतांत्रिक भागीदारी और पारदर्शिता में व्यापक वृद्धि होगी। क्योंकि पहले पार्षद हॉर्स ट्रेडिंग का शिकार हो रहे थे। अब सीधे अध्यक्ष का चुनाव होने से पार्षद हॉर्स ट्रेडिंग का शिकार होने से बच जाएंगे। कांग्रेस ने जमीनी स्तर पर चुनाव जीतने की तैयारी कर ली है। कांग्रेस जमीनी नेताओं को अपने क्षेत्रों में सक्रिय कर रही है। लगातार हम भी नर्मदापुरम जिले के हर क्षेत्र में पहुचकर कांग्रेस को आने वाले निकाय चुनाव के लिये मजबूत कर रहे है।

## गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति ने श्रीमद् भागवत गीता का किया सस्वर पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के निर्देश अनुसार नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखन नगर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानागांव ने सेक्टर 04 के ग्राम मानागांव में श्रीमद्भागवत गीता महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने भगवान श्री कृष्णा जी एवं गीता जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर समस्त उपस्थित जनों को श्रीमद्भागवत गीता वितरित की गई।

नवांकुर संस्था अध्यक्ष नीतिराज सिंह यादव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अवसाद से निकालने के लिए महाभारत के मैदान में गीता का उपदेश देकर कर्म पथ पर चलने की प्रेरणा दी थी।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं युवा विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी का आभार परामर्श दाता सुरेश यादव ने माना।

## सोहागपुर के कृषक सुभाष पटेल ने पिपरिया में दिया प्रशिक्षण

### किचन वेस्ट से कैसे बना सकते हैं बेस्ट?

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर के उन्नत कृषक तथा प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षक सुभाष पटेल लगातार प्राकृतिक तरीकों से रसायन रहित खेती का प्रशिक्षण विविध स्थलों पर दे रहे हैं। गत दिनों में उन्होंने नर्मदापुरम् के शासकीय होम साइंस कॉलेज में किचन वेस्ट से बेस्ट व उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया। पटेल ने इस दौरान बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि किबानी में रसायनों तथा हानिकारक पदार्थों का उपयोग नि किया जाए। उन्होंने कहा कि रासायनिक पदार्थ का खेती में उपयोग अधिक करने पर मिट्टी की उर्वरा क्षमता कम होती है। अतः आवश्यक है कि मिट्टी को स्वस्थ सामग्री कृषि क्षेत्र में दी जाए ताकि मिट्टी की उत्पादकता कायम रहे। उल्लेखनीय है कि सुभाष पटेल इसके पूर्व कई अन्य क्षेत्रों सहित कृषि संबंधित संस्थानों में भी प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दे चुके हैं। साथ ही उनके खेत पर कृषि विद्यालयों के विद्यार्थी प्रशिक्षण के लिए आते रहते हैं।

## अब पिपरिया में विकासखण्ड में बनेगा मां राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी का भव्य मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर में वाईन के ठेकेदार राहुल जायसवाल के निवास पर पूज्य पद शंकराचार्य स्वामी अविमुक्ते श्वरानंद सरस्वती का आगमन हुआ। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने आगवानी की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों श्रद्धालुओंके द्वारा जगह-जगह स्वागत सम्मान कियागया। लगातार 2दिवसीय सानिध्य प्राप्त कर लोगों ने दर्शन लाभलिया ।इस दौरान तमाम जनप्रतिनिधियों ने भी उत्साह पूर्वकभाग लिया। पूजन किया गया। दीक्षा पादुका पूजन किया गया। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्ते श्वरानंद सरस्वती ने यजमान से झोतेश्वर की तरह पिपरिया में भी मां राजराजेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी के मंदिर बनाने के लिए संकल्प दिलाया गया। तथा धर्म प्रबोधन कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म एवं गौ रक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। जनता से आव्हान किया गया कि सरकार गौ संरक्षण हेतु कानून व्यवस्था को लागू करें।उसका समर्थन करें और यदि सरकार ऐसा नहीं करतीं हैं तोतों अपने वोट के अधिकार का उपयोग करके बदल दे। कंम्पयूटर बाबा ने कहा कि मार्च में संतों का समागम दिल्ली में होगा लेकिन जनता को आमंत्रित नहीं किया गया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्ते श्वरानंद सरस्वती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कहा कि मोदी रक्षति रक्षिता के विचार पर भी चिंतन करने की आवश्यकता है। उसके बाद शंकराचार्य स्वामी मुहारीकलामे जायसवाल के क्रषि फार्म हाउस पर पहुंचे करनपुर भी पहुंचे नगर के एक बार शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी भी पिपरिया पधारे थे।अब उनके उत्तराधिकारी घोषित शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पिपरिया पधारे हुए हैं। सभी ने राहुल जायसवाल का आभार व्यक्त किया।

## वन्यजीव पगमार्क देख रोमांचित हुए वॉलिंटियर्स करे साक्ष्य जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में सोमवार एक दिसंबर 2025 से बाघ सहित अन्य शाकाहारी तथा मांसाहारी वन्यजीवों की गणना प्रारंभ हो गई है। जिसमें रिजर्वकर्मियों सहित भारत के आठ राज्यों से आए वॉलिंटियर्स वन्यजीवों के साक्ष्य जुटाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं गणना में कई वॉलिंटियर्स पैदल भ्रमण के दौरान बाघ की काफी समीप उपस्थिति अनुभव करते हुए रोमांचित हो रहे हैं। तथा उन्हें बाघ के आसपास उपस्थिति के ताजे साक्ष्यों के रूप में पगमार्ग भी मिल रहे हैं। रिजर्व के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बताया कि बाघ की गणना दौरान उसकी विष्टा, खरोंच, पगमार्क आदि के साक्ष्य जुटाए जाते हैं। जिसमें कई बार यह स्थिति भी बनती है कि बाघ गणना दल के आसपास होता है। इस दौरान का भय मिश्रित रोमांच की स्थिति भी बनती है। तथा कई कर्मचारी ववॉलिंटियर्स इस अति रोमांचक स्थिति का नियमित रूप से सामना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वन्यजीवों की गणना सात दिसंबर 2025 तक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र तथा बफर जोन में होगी।

## डरना नहीं समझना होगा, तभी एड्स से बचना होगा सुखतवा के बिरसा मुंडा कॉलेज में परिचर्चा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी





मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशन में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय, सुखतवा में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब, रेडक्रॉस सोसाइटी और विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। परिचर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. राधा आशीष पांडे के संक्षिप्त वक्तव्य और दिवस के उद्देश्यों से अवगत कराने के साथ हुआ। डॉ. आजाद सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने बताया कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है। डॉ. अर्शिया सिद्दीकी अपने उद्बोधन में उन्होंने एड्स जागरूकता के मूल मंत्र को रेखांकित किया, डरना नहीं समझना होगा, तभी एड्स से बचना होगा। डॉ. सिद्दीकी ने एचआईवी के फैलने के तरीकों पर विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से संक्रमित व्यक्ति के खून, असुरक्षित यौन संबंध, एक ही सूई का बार-बार प्रयोग और गर्भवती माता से होने वाली संतानों को भी यह बीमारी होने की निश्चितता पर ध्यान केंद्रित करते हुए बचने के उपाय सुझाए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत ने अपने उद्बोधन में जागरूकता से ही समझदारी संभव है। सभी मिलकर एड्स के विरुद्ध इस लड़ाई को लडऩे का आह्वान किया।

## वेतन नहीं मिलने से परेशान हुए कर्मी

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र में पदस्थ पंचायत समन्वयक अधिकारी से लेकर एडीओ सहित लिपिक सहित अन्य सभी अधिकारी कर्मचारी को 2माहसे वेतन नहीं दिया गया है लोग परेशान हैं किसी को मकान दुकान तो किसी को बैंक के ऋण की किस्त का भुगतान किया जाना है। लेकिन अभी तक किसी को भी भुगतान नहीं किया गया।लोग वेतन को तरह रहें हैं। लेकिन सीईओ एस आई आर में लगाएं हुए हैं। वेतन की या किसी अन्य विषय पर चर्चा नहीं कर रहे हैं।इसी तरह अन्य सभी विभागों में भी यही हाल है।इसके लिए मांग पत्र भी भेजा गया है। फिर भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।इस विषय पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया ने बताया कि मांग कीहै लेकिन अभी आवंटन नहीं आया है। आवंटन आते ही भुगतान किया जाएगा।

## गीता के ज्ञान हमेशा याद किया जाता है: पंडित रामकिशोर दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती पर सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल माखन नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रामकिशोर दुबे ,प्राचार्य सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर द्वारा गीता को आत्मसात करने के लिए ज्ञान का सत्र रखा जिसमें बताया कि भगवान कृष्ण ने कुरुक्षेत्र के युद्ध क्षेत्र में अर्जुन को ज्ञान दिया था जो महाभारत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इस उत्सव के माध्यम से लोग गीता के ज्ञान और उसके दार्शनिक संदेशों को याद करते हैं।

गीता जी में ध्यान का विशेष महत्व बताया गया है और राम किशोर दुबे सर द्वारा अत्यंत प्राचीन ज्ञान की विधि सहज ध्यान योग जो कि वर्तमान समय में हार्टफुलनेस मेडिटेशन के नाम से प्रसिद्ध है बच्चों को करवाया गया। इसमें उन्होंने बताया की ध्यान करने से कैसे हम मन को स्थिर रख सकते हैं ,अपनी चेतना का विकास कर सकते हैं ,और अपनी बुद्धि बढ़ा सकते हैं।

सहज ध्यान योग तीन दिन का सत्र होता है जिसमें 1 दिसंबर 2025 को प्रथम सत्र संपूर्ण हुआ। राम किशोर दुबे के साथ चावरा मैडम एवं अभिषेक चावरा भी उपस्थित रहे और उन्होंने कुछ वीडियो के माध्यम से ध्यान को और अधिक सरल बनाया। संदीपनी हायर सेकेंडरी विद्यालय के बच्चों ने इसका बहुत लाभ लिया बच्चों के अनुभव बहुत ही सकारात्मक रहे, बच्चे व्यक्तित्व विकास ध्यान के माध्यम से करने में सक्षम हुए।

### शंकराचार्य पहुंचे सोहागपुर के करनपुर ग्राम

# श्री शिव पार्वती मंदिर देख प्रसन्न हुए शंकराचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज रविवार को सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम करनपुर पहुंचे। जहां समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया ने चरण पादुका वंदनकर शंकराचार्य का विधिवत पूजन भी किया। उनके दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए।

जगद्गुरु शंकराचार्य अल्प समय के लिए ग्राम करनपुर में रुके और इस दौरान उन्होंने सभी ग्रामीणों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने पुर्विया परिवार द्वारा ग्राम करनपुर में अपनी निजी भूमि पर बनाए जा रहे श्री शिव पार्वती, श्री गणेश एवं मां नर्मदा के निर्माणाधीन मंदिर का अवलोकन किया। ग्राम करनपुर में निर्माणाधीन विशाल मंदिर का निरीक्षण जगद्गुरु शंकराचार्य ने करते हुए इस कारँय को पुर्विया परिवार के पुण्यों का फल बताया। जानकारी अनुसार एक माह बाद इस नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

जिसमें शिवलिंग की स्थापना के साथ अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। जिनमें मां नर्मदा, शिव परिवार, हनुमानजी महाराज व राम दरबार की प्रिमाएं सम्मिलित हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तरमुखी इस मंदिर का निर्माण समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया व उनके परिजनों द्वारा निजी भूमि पर निज व्यय से किया जा रहा है।

## डॉ सुषमा वर्मा शासकीय सेवा से हुईं सेवानिवृत्त

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में लगातार 35 वर्ष तक सेवा करती रही।65 वर्ष की आयु में सेवा निवृत्त होकर साफ स्वच्छ छवि वाली महिला रोग विशेषज्ञ डॉ सुषमा वर्मा ने बताया कि 39 वर्ष तक जनता की सेवा की है। नौकरी लगने के दौरान आप बुधनी विधानसभा में 2वरष तक पदस्थ रही है। आपकी सासू भी पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र डाक्टर रही है। उनके पद चिन्हों पर चलती रही है। आपने अजाक संघ में भी सेवा दी है। हमेशा गरीब तबके के लोगो के लिए तत्पर रहते हुए सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवा निवृत्त होने पर पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गनपत सिंह राजपूत ने शामिल होकर आशीर्वाद शुभकामनाएं बधाई दीं।

## माघ मेला 2026: यात्रियों के लिए इटारसी से प्रयागराज ट्रेन का चुनार जंक्शन तक विस्तार

### 17 फरवरी तक दोनों दिशाओं में कुल 47-47 ट्रिपों के लिए होगा परिचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पश्चिम मध्य रेलवे, आगामी माघ मेला-2026 के अवसर पर तीर्थयात्रियों की अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यात्रियों को बेहतर सुविधा और अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11273/11274) ट्रेन को अस्थायी रूप से चुनार जंक्शन तक विस्तारित किया जा रहा है। रेलवे द्वारा यह विस्तारित परिचालन 01 जनवरी 2026 से 17 फरवरी 2026 तक दोनों दिशाओं में कुल 47-47 ट्रिपों के लिए किया जाएगा।

### विस्तारित संचालन की समय-सारणी

गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 17.15 बजे इटारसी से प्रस्थान करेगी और मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव कर अगले दिन सुबह 09.55 बजे प्रयागराज छिवकी पहुंचेगी।

प्रयागराज छिवकी से आगे, यह ट्रेन मेजा रोड, मांडा रोड, विन्धांचल और मिर्जापुर आगमन/प्रस्थान करते हुए दोपहर 13.30 बजे चुनार पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 11274 (चुनार-इटारसी एक्सप्रेस) वापसी में, गाड़ी संख्या 11274 चुनार-इटारसी एक्सप्रेस चुनार से शाम 16.30 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मिर्जापुर, विन्धांचल, मांडा रोड और मेजा रोड पहुंचेगी, जिसके बाद यह 19.45 बजे प्रयागराज छिवकी पहुंचेगी। प्रयागराज छिवकी से यह ट्रेन मानिकपुर 23.05 बजे आगमन कर मध्यवर्ती स्टेशनों पर पूर्ववत समय-सारणी के अनुसार ठहराव करते हुए अगले दिन सुबह 11.30 बजे इटारसी स्टेशन पहुंचेगी। यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि यह निर्णय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इटारसी से मानिकपुर स्टेशनों के बीच ठहराव समय दोनों दिशाओं में पूर्ववत रहेगा ।

## खबर संक्षेप

### विश्व दिव्यांग दिवस आज

**हरदा।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर को मनाया जाएगा। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर उत्कृष्ट छात्रावास ग्राउंड पर दिव्यांग बच्चों एवं व्यक्तियों के सामर्थ्य प्रदर्शन के लिए खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविर का संयुक्त आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा केन्द्र एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं।

### ब्राह्मण समाज परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर को इंदौर में

**सीहोर।** मप्र ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन श्री आदिगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा न्यास इंदौर के तत्वावधान में 28 दिसंबर को शुभ कारज गार्डन राजीव गांधी चौराहा इंदौर में आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए उप कार्यालय सीहोर के अखिल शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस परिचय सम्मेलन में कुछ नवाचार किए जाएंगे। फार्म शहर के गांधी रोड स्थित आरती कंगन स्टोर्स से प्राप्त किए जा सकते है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी।

### मंदसौर में होगी राज्य स्तरीय डॉज बॉल प्रतियोगिता

**सीहोर।** कई सालों से सीहोर टीम जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय डॉज बॉल प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन कर रही है। इसमें सबसे अहम प्रदर्शन करने वाली तनुश्री नागर को इस बार संभाग की कमान सौंपी गई है। मंदसौर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वह कप्तान की भूमिका में नजर आएंगी। प्रतियोगिता के लिए सीहोर से दो बालिकाओं का चयन किया गया है। रविवार को शहर में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र मंघानी आदि ने स्वागत करते हुए उन्हें रवाना किया। इस अवसर पर तनुश्री के पिता राधेश्याम नागर और माता भी मौजूद थीं। नव नियुक्त कप्तान ने बताया कि वह लगातार पांच सालों से डॉज बॉल खेल की प्रैक्टिस कर रही हैं। यह खेल खिलाड़ी को बहुत सक्रिय रखता है।

### जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

# अविवादित नामांतरण की प्रक्रिया एक माह में पूर्ण की जाए : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि अविवादित नामांतरण की प्रक्रिया एक माह में पूर्ण की जाए। विवादित नामांतरण के मामले अधिकतम 5 माह में निराकृत कर दिये जाएं। उन्होने कहा है कि अनावश्यक रूप से नामांतरण अथवा बंटवारे के मामले लंबित न रहें। मंगलवार को आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने सीमांकन के लंबित प्रकरणों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीमांकन के मामलों में भी अनावश्यक विलम्ब उचित नहीं है। बैठक में अभिलेख दुरूस्ती एवं रास्ता विवाद के मामलों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। राजस्व वसूली की स्थिति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि बड़े बकायादारों से वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति बढ़ाने के भी निर्देश दिये गए। इसके अलावा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी पटेल सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम डुमलाय निवासी बबली यादव ने कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना का लाभ नहीं मिलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदिका की पात्रता अनुसार योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये।



ग्राम कुकरावद निवासी कन्हैयालाल ने कलेक्टर को आवेदन देकर दिव्यांगता पेंशन की राशि नहीं मिलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। ग्राम हंडिया निवासी शिवनारायण ने आवेदन देकर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने तथा दोनों पैरों से स्थायी विकलांगता होने पर आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम बिछौला निवासी गंगाविशन ने वृद्धावस्था पेंशन चालू कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को आवेदक की पात्रता अनुसार वृद्धावस्था पेंशन चालू कराने के निर्देश दिए। हरदा निवासी रक्षा कलम ने नवीन विद्युत कनेक्शन तथा मीना परते ने बिजली बिल माफ करने हेतु आवेदन दिया, जिस पर महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल

# सड़क निर्माण में गिट्टी की जगह मिट्टी से कराया जा रहा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन साईं ने करोड़ों रुपए की लागत वाले सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया निशान उठाए हैं। मंडी निधि से स्वीकृत लोक निर्माण विभाग द्वारा काकड़कच्छ से पीपल्या छीपाबड़ खिरकिया मंडी मार्ग का निर्माण करवाया जा रहा है। करीब 10 किलोमीटर लंबे इस मार्ग की लागत करीब 16 करोड़ 66 लाख रुपए है। लंबे समय से इस सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। मोहन साई ने बताया कि क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जब इस सड़क से निकले तो यह देखा कि निर्माण एजेंसी द्वारा गिट्टी की बजाय मिट्टी से सड़क निर्माण किया जा रहा है। करोड़ों रुपए की लागत वाले इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता को जांचने के लिए लोक निर्माण विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं है। एक तरीके से शासन को करोड़ों रुपए की चपत घटिया निर्माण के माध्यम से लगाई जा रही है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष सांई ने बताया कि अच्छी क्वालिटी की सड़क न बनने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होगी। कुछ ही दिनों में सड़क पूरी तरीके से खराब हो जाएगी। संबंधित निर्माण एजेंसी पर लापरवाही पूर्ण तरीके से निर्माण कार्य करने को लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। वहीं लोक निर्माण के खिरकिया एसडीओ रतनलाल कुमार ने कहा सड़क निर्माण के संबंध में शिकायत मिली है इसकी जल्द ही जांच कराई जाएगी।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**हरदा।** सोमवार शाम एक निजी अस्पताल में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक ने कथित तौर पर जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया है, जहां मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम होगा। मगरधा गांव निवासी रामोतार राठौर के इकलौते बेटे रोहित उर्फ अंकित ने सोमवार शाम किसी अज्ञात वजह से जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे तुरंत शहर के निजी अस्पताल ले गए, लेकिन ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रोहित अपने पिता का इकलौता बेटा था और गांव में हाट बाजार में कपड़ों की दुकान लगाता था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में मातम फैल गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।


# दुष्कर्म के आरोप में जेल भेजे गए वनपाल को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

दुष्कर्म के आरोप में जेल भेजे गए वनपाल नितिन सिंह तोमर को निलंबित कर दिया गया है। हरदा वनमंडल अधिकारी (उत्पादन) नरेंद्र पंडवा ने यह आदेश जारी किया है। नितिन तोमर 48 घंटे से ज्यादा समय तक न्यायिक हिरासत में रहे, जिसके चलते उन्हें सेवा से सस्पेंड किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने विवाहित होने के बावजूद एक युवती को पत्नी बनाकर रखा था।

आरोप है कि नितिन सिंह तोमर ने विवाहित होने के बावजूद एक युवती को अपनी पत्नी बनाकर रखा था और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध से उनका एक बेटा भी है। इसी मामले में पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। आरोपी वनपाल के खिलाफ महिला थाना में अपराध क्रमांक 58/25 दर्ज है। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) एन और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3 (2) लगाई गई है। उन्हें 13 नवंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया और अगले दिन 14 नवंबर को विशेष न्यायालय हरदा में पेश किया गया। न्यायालय ने जेल वारंट जारी करते हुए नितिन सिंह तोमर को जिला जेल हरदा भेज दिया। वे वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में हैं और मामले की जांच जारी है। परिक्षेत्र अधिकारी मकड़ाइ (उत्पादन) के आवेदन और कोर्ट की ऑर्डर शीट में बताया गया कि वनपाल गिरफ्तारी के बाद चार दिनों तक न्यायिक अभिरक्षा में रहे। मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के तहत, 48 घंटे से अधिक न्यायिक हिरासत में रहने पर शासकीय कर्मचारी को निलंबित किया जाता है। इसी नियम के तहत नितिन को 14 नवंबर 2025 से निलंबित माना गया है। निलंबन अवधि के दौरान आरोपी वनपाल का मुख्यालय परिक्षेत्र उत्पादन रहटगांव रहेगा।

# हरदा में कलेक्टर के नाम से फर्जी आईडी बनाकर ठगी की कोशिश!




**हरदा।** जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के नाम और फोटो का इस्तेमाल करते हुए किसी शख्स ने विदेशी नंबर से लोगों से पैसे मांगने की कोशिश की है। यह नंबर वियतनाम के कंट्री कोड +84 से रजिस्टर बताया जा रहा है और व्हॉट्सऐप पर बिज़नेस अकाउंट के रूप में सक्रिय है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने खुद इस मामले की पुष्टि करते हुए जनता से अपील की है कि उनके नाम से किसी भी प्रकार की धनराशि की मांग पूरी तरह फर्जी है। कोई भी नागरिक ऐसे संदेशों पर विश्वास न करें और न ही किसी को पैसा भेजें। सूत्रों के अनुसार यह नंबर हाल ही में व्हॉट्सऐप पर सक्रिय हुआ है और प्रोफाइल में कलेक्टर की तस्वीर और नाम का उपयोग कर लोगों को विश्वास में लेने की कोशिश की जा रही थी। प्रशासन ने इसे गंभीर साइबर अपराध मानते हुए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने कहा कि किसी भी अधिकारी के नाम पर आए धनराशि के मैसेज पर भरोसा न करें। संदिग्ध नंबरों को तुरंत ब्लॉक करें और रिपोर्ट करें। ऐसी घटनाओं की जानकारी तुरंत पुलिस या सायबर हेल्पलाइन में दें। प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा है कि ऐसे धोखेबाज आजकल सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं और सरकारी अधिकारियों की पहचान का दुरुपयोग कर रहे हैं।

# उमेश चौहान की सड़क हादसे में मौत एक ही घटनास्थल पर दो और दुर्घटनाएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

आभापुरी के युवक उमेश चौहान की जामदर्रा गांव के समीप सड़क-हादसे में मृत्यु हुई थी, उसी स्थान पर चैनपुर के युवक विनय पिता दिलीप बैरागी 25 वर्ष का वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया और वह गंभीर रूप से घायल है। युवक बैरागी ने बताया कि वह रविवार को रात्रि करीब 8.30 बजे खंडवा से वापस अपने गांव आ रहा था और उक्त गड्ढे में ही मेरी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मैं बुरी तरह घायल होकर बेहोश हो गया था। लेकिन पीछे आ रहे मेरे मित्रों में अजय पटेल, आदित्य नीमा और मीत कनोजे आदि मुझे उठाकर झिरन्या अस्पताल ले गए, जहां मुझे एक-डेढ़ घंटे में होश आ सका है। इस घटना में मेरे सिर में गंभीर चोंट आने से चार टांके आए हैं। साथ ही बांये हाथ एवं कमर में भी चोंटे आई है और वह बिस्तर से उठ नहीं पा रहा है। उन्होंने भी सड़क की खस्ता हालत के लिए प्रधानमंत्री सडक योजना के अधिकारियों, ठेकेदार और डम्परों की भारी आवाजाही को जिम्मेदार बताया है।

एक अन्य जानकारी के अनुसार उक्त स्थान पर ही एक आदिवासी समुदाय के भी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी मिली है। उसका उपचाररत फोटो सोशल मीडीया पर वायरल हो रहा है। यह दुर्घटना कैसे हुई? वह व्यक्ति कहां का रहने वाला है? इसकी भी पुष्टि नहीं हो सकी है।

#### चक्का जाम कर देंगे धरना

उमेश चौहान की सड़क दुर्घटना में मौत के विरोध में बुधवार सुबह 10 बजे लायखेड़ी फाटा पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उमेश चौहान के परिजन बलिराम चौहान और संतोष नायक ने बताया कि सड़क की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए डेढ़-दो दर्जन गहरे गड्ढे जेसीबी मशीन से खोद दिए गए गए हैं, जिनमें निरंतर दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस सड़क पर रात-दिन लोडेड डंपर चल रहे हैं, जिससे सड़कें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच रही है।

# विवाद के 5 दिन बाद वीआईटी विवि को कारण बताओ नोटिस

**सीहोर।** वीआईटी में विवाद के 5 दिन बाद आख़िरकार उच्च शिक्षा विभाग ने प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन में स्पष्टकरण मांगा है। संतुष्टी पूर्ण जवाब न देने पर धारा 41(2) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के संकेत दिए हैं। नोटिस म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर जारी किया गया है। समिति की रिपोर्ट में विश्वविद्यालय प्रबंधन की कई गंभीर कमियां उजागर हुई हैं। जांच समिति के अनुसार विश्वविद्यालय के छात्रावासों में मेस की स्थिति अत्यंत असंतोषजनक पाई गई। भोजन व जलपान की गुणवत्ता को लेकर बड़ी संख्या में छात्रों ने नकारात्मक प्रतिक्रिया दी। समिति के समक्ष प्रबंधन ने स्वीकार किया कि 14 से 24 नवंबर के बीच 23 विद्यार्थी और 12 छात्राएं पीलिया से संक्रमित हुईं।

# 100 साल पुरानी काशीबाई कन्या पाठशाला बंद होने का विरोध किया

**हरदा।** मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान सनाढ्य ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने 100 साल पुरानी काशीबाई कन्या पाठशाला बंद होने का विरोध किया। समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संस्थान को फिर से शुरू करने की मांग की है। समाज के सदस्य और रिटायर्ड शिक्षक अनिल अग्निहोत्री ने बताया कि वर्ष 1924 में सनाढ्य ब्राह्मण समाज की दिवंगत काशीबाई ने बालिकाओं की शिक्षा के लिए भवन निर्माण के लिए 5 हजार रुपए और संचालन के लिए 4 हजार रुपए, कुल 9 हजार रुपए दान दिए थे। इसका 7 नवंबर 1924 को पंजीयन भी किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना था। इस संस्थान में सालों से कन्या स्कूल का संचालन हो रहा था। बाद में तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर यहां सेंट्रल स्कूल भी संचालित किया जाने लगा। हाल ही में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस स्कूल को खेड़ीपुरा माध्यमिक शाला में मर्ज कर दिया और संस्थान का डाइस कोड भी बंद कर दिया। समाज का आरोप है कि यह दानदाता के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि दानदाताओं के नाम से संचालित संस्थाओं के नाम न तो बंद किए जाएं और न ही बदले जाएं। सनाढ्य ब्राह्मण समाज ने मांग की है कि इस मामले में जल्द उचित कार्रवाई कर पुराने भवन में स्कूल फिर से शुरू किया जाए। वैकल्पिक रूप से भवन को सनाढ्य ब्राह्मण समाज को सौंपा जाए, ताकि एक नई समिति बनाकर स्कूल का संचालन किया जा सके। जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी ने बताया कि शासन के निर्देश पर 'एक शाला एक परिसर' योजना के तहत काशीबाई कन्या शाला को खेड़ीपुरा स्कूल में मर्ज किया गया है। चूंकि यहां सेंट्रल स्कूल संचालित हो रहा था, इसलिए कन्या शाला को मिडिल स्कूल में ट्रांसफर किया गया था। शासन से मिले निर्देशों के आधार पर ही कार्रवाई की गई है। वहीं, एडीएम पुरुषोत्तम कुमार ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दान में मिले भवन के नियमों और शर्तों का अध्ययन कर उचित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

### मंडी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठे किसान

# मक्का के कम दाम मिलने से नाराज किसानों का हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले की कृषि उपज मंडी में मंगलवार को मक्का के कम दाम मिलने पर किसानों ने जमकर हंगामा किया। नाराज होकर ग्राम अजनास के किसान कपिल विश्वकर्मा ने अपनी मक्का से भरी ट्रॉली को मंडी में बीच सड़क पर ही खाली कर दिया। किसानों ने नीलामी रोककर प्रदर्शन किया और मंडी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। हंगामे को देखते हुए मंडी में पुलिस बुलाई गई है। किसान कपिल विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि पहले उनकी मक्का की बोली 1100 रुपए प्रति क्विंटल लगाई गई। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो व्यापारियों ने उसी ट्रॉली का भाव बढ़ाकर 1250 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया।

किसानों का कहना है कि सरकार मक्का का समर्थन मूल्य 2400 रुपए प्रति क्विंटल तय करने की बात कर रही है, लेकिन हरदा मंडी में बोली 700 रुपए प्रति क्विंटल से शुरू हो रही है। किसानों को औसतन 1000 से 1500 रुपए प्रति क्विंटल का ही भाव मिल रहा है। किसानों ने नीलामी छोड़कर मंडी में प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी प्रशासन तथा व्यापारियों की मिलीभगत से उन्हें उपज का कम दाम मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उचित भाव नहीं मिलेगा, उनका विरोध जारी रहेगा। मंडी सचिव हरनारायण भिलाला ने बताया कि किसानों को उनकी उपज का अच्छा भाव दिलाने के लिए व्यापारियों से कहा गया है। उन्होंने बताया कि जिस किसान ने ट्रॉली खाली की है, उसकी उपज का सैंपल वरिष्ठ अधिकारियों को दिखाया जा रहा है। सचिव के अनुसार, किसान की उपज में फंगस अधिक होने के कारण उसे कम दाम मिला है। सचिव ने जानकारी दी कि मंडी में मक्का 1100 रुपए से 1652 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बिकी है। फिलहाल, दर्जनों किसान मंडी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए न्यायपूर्ण समर्थन मूल्य की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं।

### यूरिया खाद के लिए परेशान हो रहे किसान



**हरदा।** जिले में रबी फसलों के लिए यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान हैं। मंगलवार को जिला मुख्यालय के डबल लॉक सिस्टम गोदामों पर खाद वितरण मशीन में तकनीकी खराबी आने के बाद किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह से ही यूरिया लेने के लिए लाइन लगा दी थी। दोपहर करीब एक बजे जब उनकी बारी आई, तो उन्हें बताया गया कि खाद वितरण के लिए लगी मशीन खराब हो गई है, जिसके कारण वितरण रोक दिया गया। नाराज किसानों ने आरोप लगाया कि खाद उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें नहीं मिल पा रहा है। कई घंटों तक लाइन में लगने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। किसानों का यह भी कहना है कि प्रति एकड़ मात्र एक बोरी यूरिया दिया जा रहा है, जो कि उनकी जरूरत से काफी कम है। कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों से तहसीलदार राजेंद्र पवार ने चर्चा की और व्यवस्था सुधारकर खाद दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, डीडीए जवाहरलाल कास्दे ने किसानों की सूची तैयार कर उन्हें खाद उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने दावा किया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और सभी किसानों को इसकी आपूर्ति की जा रही है। किसानों ने बताया कि इस साल मक्के का रकबा पिछले साल की तुलना में तीन गुना बढ़ गया है। बोवनी के बाद पहले पानी के समय यूरिया की आवश्यकता होती है, जिसके कारण किसान अभी से खाद लेने के लिए लाइन में लग रहे हैं।